दिवाली एवं गोवर्धन पूजा पर कई जगह दीपोत्सव, हुआ सांस्कृतिक कार्यक्रम



काराकाट (आससे)। काराकाट प्रखंड सहित पूरे क्षेत्र में दीपावली और लक्ष्मी पूजा हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। चारों तरफ दीपोत्सव और प्रकाश पर्व की चहल-पहल रही। घरों, मंदिरों और बाजारों में दीपों की जगमगाहट रही। लोगों ने मां लक्ष्मी और भगवान गणेश की विधि-विधान से पूजा की, एक-दूसरे को बधाई दी तथा भगवान श्रीकृष्ण की पूजा में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। वहीं सुरक्षा और व्यवस्था को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीत कुमार, थाना अध्यक्ष विवेक कुमार एवं नगर के कार्यपालक पदाधिकारी सीमाभ मतीन के नेतृत्व में पुलिस प्रशासन की टीम चारों ओर मुस्तैद रही। स्वयंसेवकों के दल ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों और सफाई कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, जिससे पर्व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। इसके बाद गोवर्धन पूजा पर भी श्रद्धा और उत्साह का माहौल रहा। ग्राम नौकपरासी (सातों परसिया), काराकाट में 09 नवंबर 2026 की रात्रि में भव्य दोगोला कार्यक्रम हुआ, जिसमें भोजपुरी गायक अरुण अलबेला जी एवं तूफान राज जी ने अपनी शानदार गायकी से पूरी रात समां बांध दिया और बड़ी संख्या में पहुंचे क्षेत्रवासियों ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। वहीं भोजपुर के अंधारी गांव में आयोजित नाटक प्रतियोगिता में करूप बाजार, काराकाट के कलाकारों ने शानदार प्रस्तुति से सबका दिल जीत लिया और कड़ी प्रतिस्पर्धा में प्रथम स्थान प्राप्त कर इलाके का नाम रोशन कर दिया। खबर दीपावली के दिन गांव पहुंचते ही खुशी की लहर दौड़ पड़ी और ढोल-बाजे के साथ कलाकारों का भव्य स्वागत किया गया। इस सफलता के पीछे डायरेक्टर अजीत सिंह की कड़ी मेहनत और निर्देशन रहा। मंगरू मियां के किरदार ने दर्शकों को खूब हंसाया। उद्घोषक मनीष कुमार ने अपनी आवाज से समां बांध दिया। चंदन, संदीप, रंजीत, नीरज, ऋषि कुशवाहा, विवेक, प्रियांशु, हिमांशु, शिवम, श्याम जी सहित अन्य कलाकारों ने किरदारों में जान डाल दी, जबकि संदीप एवं शिवम को बेस्ट विलेन अवॉर्ड से सम्मानित किया गया, जिससे युवाओं में कला के प्रति नया जोश आया है।

उल्लास के साथ मना गया दीपावली का त्योहार





सासाराम (आससे)। दीपावली का त्योहार पूरे उल्लास के साथ मनाया गया लोगों ने अपने घरों को लाइट की झरीयो से आकर्षक रूप से सजाया था वही शाम में भगवान गणेश मां लक्ष्मी की भव्य रूप से पूजा की गई और उसके बाद घरों के अंदर और छतो पर दिए जलाए गए दिए और लाइट की रोशनी से पूरा शहर जगमगा उठा ऐसा लगता था कि रात में दिन हो गया हो शाम के बाद पटाखों का जो दौर शुरू हुआ वह देर रात तक चलता रहा पटाखे की आवाज से पूरा आसमान गुण रहा था त्यौहार को लेकर सभी में काफी उत्साह हे वही बच्चों में तो त्यौहार को लेकर काफी उत्साह नजर आया सभी ने घरों के अंदर वह दरवाजे पर रंगोली बनाई और उसे दिए और फूलों से सजाया घेरौंदे बनाये और उसे दिए सजायाऔर खूब पटाखा फोड़े व मिठाई खाई घरों में भी दीपावली के अवसर पर तरह-तरह के पकवान बने थे जिसका सभी ने आनंद उठाया वहीं मिठाई खिलाई मोहल्लो मे भी देर रात तक चहल-पहल बनी रही महिलाओं और युवतियों ने भी खूब पटाखे फोड़े। हर ओर माहौल खुशनुमा था । मंदिरों में भी काफी भीड़ नहीं और लोगों ने दीपावली के अवसर पर मंदिरों में भी दिए जलाएं शहर के सभी मंदिर दिए की रोशनी से जगमग हो गये थे। घरों के अलावा सभी प्रतिष्ठानों दुकानों में भी विधिपूर्वक पूजा की गई वह उसे आकर्षक रूप से सजाया गया था। लोगों ने एक दूसरे के घर जाकर भी दीपावली की बधाई दी देर रात सड़कों पर चहल-पहल बनी रहे।

लोगों ने खूब की खरीदारी

सासाराम (आससे)। दीपावली का त्योहार पूरे भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया लोगों ने दीपावली के अवसर पर खूब खरीददारी की बाजारों में भी काफी भीड़ रही भेड़ के कारण पैदल चलना भी मुश्किल हो गया था। बाजार में पूजा पाठ के समान तरह-तरह के भुंजा लाव चीनी की मिठाई तरह-तरह की मिठाई सजाने के सामान की दिए मोमबत्ती मिट्टी की मूर्ति की कई अस्थाई दुकानें भी सजे थी। खरीदारी करिए लोगों के भारी भीड़ रहे लोगों ने जमकर खरीदारी की वह अपने घरों को भी भाव रूप से सजाया बाजार में तरह-तरह के मिठाई उपलब्ध थे।



अज्ञात चोरों ने 70 बिजली पोल से 2 किमी तक के तार किया चोरी

डिहरी ऑन सोन (आससे)। रोहतास जिले के कोचस थाना क्षेत्र में चोरों ने बिजली विभाग को बड़ा नुकसान पहुंचाया है।. हरिहर डिहरा गांव के उत्तरी बधार में शनिवार की देर रात अज्ञात चोरों ने कृषि कार्य के लिए लगाए गए करीब दो किलोमीटर क्षेत्र के बिजली तार काट लिये और फरार हो गये. चोरों ने लगभग 70 बिजली पोल से तार चोरी की है.। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस और बिजली विभाग की टीम मौके पर पहुंची तथा मामले की जांच शुरू कर दी है.। बिजली विभाग के कनीय अभियंता राहुल रंजन ने बताया कि ग्रामीणों से सूचना मिलने के बाद विभाग की टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया. जांच के दौरान हरिहर डिहरा गांव के उत्तर में स्टेट हाईवे-17 से पूरब करीब दो किलोमीटर के क्षेत्र में कृषि कार्य के लिए लगाए गए 440 केवीए के लगभग 70 पोल के बिजली तार गायब मिले. इस चोरी से बिजली विभाग को लाखों रुपये का नुकसान होने का अनुमान है.।

भलुनी महोत्सव और छठ की तैयारियों का डीएम, एसपी ने लिया जायजा

डालमियानगर रोहतास (आससे)। 14 नवंबर को आयोजित होने वाले भलुनी महोत्सव और लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा की तैयारियों का जिलाधिकारी दीपक कुमार मिश्रा और पुलिस अधीक्षक मि राज ने रविवार को संयुक्त निरीक्षण किया। दोनों वरीय अधिकारियों ने दिनारा प्रखंड के प्रसिद्ध धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थल भलुनी धाम पहुंचकर तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की।



जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि महोत्सव की सभी तैयारियां समय-सीमा के भीतर पूरी की जाएं। आयोजन स्थल पर साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, पार्किंग, बैठने की व्यवस्था और आगंतुकों के आवागमन का समुचित प्रबंध हो। उन्होंने कहा कि भलुनी धाम जिले का महत्वपूर्ण धार्मिक एवं सांस्कृतिक स्थल है और महोत्सव इसकी पहचान को व्यापक रूप से स्थापित करने का अवसर है।

वहीं, छठ घाटों पर साफ-सफाई, बैरिकेडिंग, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल और संपर्क मार्गों की समीक्षा की गई। गहरे पानी वाले स्थानों पर बैरिकेडिंग और खतरे के संकेतक लगाने के निर्देश दिए गए।

पुलिस अधीक्षक ने विधि-व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण, यातायात प्रबंधन और नियमित गश्ती सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। निरीक्षण के दौरान एसडीओ, एसडीपीओ, बीडीओ, सीओ और थानाध्यक्ष सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

जनता दरबार में 25 का हुआ साक्षात्कार

सासाराम(रोहतास) 09 नवंबर।जिला पदाधिकारी दीपक कुमार मिश्र के द्वारा 'सबका सम्मान-जीवन आसान'के अंतर्गत अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में जिला जनता दरबार का आयोजन किया गया,जिसमें कुल 25 आम नागरिकों से साक्षात्कार किया गया। जनता दरबार में आय लोगों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिया,जिसे संबंधित अधिकारियों को त्वरित निष्पादन हेतु प्रेषित किया गया।

नशे की हालत में बीएसएफ जवान ने की फायरिंग

डिहरी ऑन सोन (आससे)। नशे की हालत में बीएसएफ जवान के द्वारा सासाराम में मुफस्सिल थाना अंतर्गत लालगंज में फायरिंग मामले में रोहतास एसपी मिस्टर राज के नेतृत्व पर बड़ी कार्रवाई की गई है। सासाराम एसडीपीओ टू संजीव कुमार ने बताया कि सासाराम मुफ्फसिल थाना अंतर्गत लालगंज में पंजाब में पोस्टेड बीएसएफ जवान राकेश कुमार चौधरी ने अपने हथियार से फायरिंग कर रहा था।, सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे कब्जे में ले लिया है। पुलिस ने घटनास्थल से दो खोखा तीन जिंदा कारतूस तथा हथियार के साथ कुराईच सासाराम के रहने वाले पंजाब में पोस्टेड बीएसएफ जवान राकेश कुमार चौधरी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने हथियार कारतूस जप्त करते हुए न्यायिक हिरासत में भेजा गया। बताया गया कि सासाराम मुफ्फसिल थाना अंतर्गत लालगंज में बीएसएफ जवान राकेश कुमार चौधरी ने हथियार से अंधाधुंध फायरिंग करने लगा। इस दौरान ग्रामीणों में अफरातफरी के साथ दहशत का माहौल बन गया। लेकिन ग्रामीणों ने साहस दिखाते हुए उसे कब्जे में लेकर पुलिस को सूचना दी।



अज्ञात वाहन की टक्कर से युवती की मौत

मोहनिया (कैमूर)। कैमूर जिले के स्थानीय प्रखंड क्षेत्र में भरखर काली माई के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक युवती की दर्दनाक मौत हो गई। मृतका की पहचान कुदरा प्रखंड के ग्राम घरी निवासी अंजू कुमारी, पति मनोज चौधरी के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों और ग्रामीणों में शोक की लहर दौड़ गई।

मिली जानकारी के अनुसार, अंजू कुमारी अपनी बहन के घर बहदुरा से लौट रही थीं। इसी दौरान भरखर काली माई के समीप एक अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी गंभीर थी कि उनके सिर में गंभीर चोट लग गई। हादसे के बाद घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों की मदद से घायल युवती को तत्काल रेफरल अस्पताल मोहनिया पहुंचाया गया।

रेफरल अस्पताल मोहनिया में चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया। युवती की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए उन्हें वाराणसी रेफर कर दिया गया। लेकिन दुर्भाग्यवश वाराणसी ले जाने के दौरान रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। इस दुखद खबर से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा।

घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की। थाना प्रभारी के निर्देश पर मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भभुआ भेज दिया गया। इस हादसे के बाद ग्राम घरी सहित आसपास के क्षेत्रों में शोक का माहौल है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव के लोग इस घटना से काफी मर्माहत हैं। एक सड़क दुर्घटना ने परिवार की खुशियों को मातम में बदल दिया।

अलग-अलग थाना क्षेत्र से दो शव बरामद

सासाराम (रोहतास)। जिले के अलग-अलग थानाक्षेत्रों में दो युवकों की हुई मौत,जबकि एक बीएसएफ जवान को नशे की हालत में गिरफ्तार कर भेजा गया जेल। कोचस थाना के कुछिला गाँव के समीप करगहर नहर से पुलिस ने एक शव बरामद किया, जिसकी पहचान नवलिया गाँव निवासी पवन सिंह के पुत्र सुनील कुमार के रूप में हुई है। प्रथम दृष्टया मृतक की मौत पानी में डूबने से बतायी जा रही है। दूसरी घटना सासाराम मुफस्सिल थाना के महद्दीगंज क्षेत्र की है,जहाँ आपसी विवाद में बीते रविवार की शाम एक युवक की हत्या कर दी गयी। मृतक का नाम रोहित कुमार था,जो सासाराम नगर थाना के कुराइच निवासी राजू महतो का पुत्र था। वही कुराइच के रहने वाले राकेश कुमार चौधरी,जो पंजाब में बीएसएफ में तैनात थे,उन्हें नशे में फायरिंग करते पुलिस ने धर दबोचा है। बीएसएफ जवान के पास से पुलिस ने हथियार सहित तीन जिन्दा कारतूस और दो खोखा भी बरामद किया है।

सोन नद में मिला युवक का शव, 6 नवंबर से था लापता

दाउदनगर (औरंगाबाद) (आससे)। दाउदनगर शहर के नालबंद टोली वार्ड संख्या -7 निवासी 29 वर्षीय ट्रैक्टर चालक सुरेंद्र यादव का शव सोमवार को सोन नदी में मिला। वह 6 नवंबर से लापता था। शव मिलने की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक की पहचान कृष्ण यादव के पुत्र सुरेंद्र यादव के रूप में हुई है। वह पेशे से ट्रैक्टर चालक था। परिजनों के अनुसार, सुरेंद्र 6 नवंबर को घर से निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। काफी खोजबीन के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं मिला। सोमवार को गांव के एक चरवाहे ने सोन तटीय क्षेत्र में काली घाट की ओर सोन नदी में शव होने की सूचना दी। परिजन मौके पर पहुंचे और शव की पहचान सुरेंद्र के रूप में की। सूचना मिलने पर सब इंस्पेक्टर रामवृक्ष चौधरी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। बाद में एसआई सुदीश कुमार, प्रदीप कुमार - द्वितीय और विक्की कुमार भी वहां पहुंचे। परिजनों ने युवक की हत्या की आशंका जताते हुए मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। बताया जाता है कि मृतक की एक बच्ची थी, जिसकी पहले ही बीमारी से मौत हो चुकी थी। अब युवक की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

आभूषण दुकान से चोरी करने वाली दो महिला गिरफ्तार

डिहरी ऑन सोन (आससे)। चेनारी से आभूषण दुकान में ग्राहक बनकर चोरी की घटना को अंजाम देने वाली दो महिलाओं को रोहतास पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से चोरी के सामान भी बरामद किए हैं।

बरामद आभूषणों में तीन जोड़ा कान का झुमका और एक जोड़ा चांदी का पायल शामिल है। रोहतास पुलिस की ओर से सात नवंबर को जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, दो महिलाएं चेनारी थाना क्षेत्र की एक आभूषण दुकान में ग्राहक बनकर पहुंची थीं। दोनों ने सोने के आभूषण देखने के बहाने दुकानदार को बातचीत में उलझा लिया और करीब नौ ग्राम सोने के आभूषण चोरी कर फरार हो गईं।



पूर्व मध्य रेल
ई-नीलामी सूचना
भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पूर्व मध्य रेलवे, पटना नीचे उल्लिखित उपाबंधित मंडल द्वारा निम्नलिखित पार्किंग स्टैंडों के संचालन हेतु ई नीलामी आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण निम्नवत् है :
1. AA1 - कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधि : मनुआ रोड रेलवे स्टेशन के सरकुलेटिंग एरिया में स्थित निःशुल्क (दो घंटा और तीन घंटा) वाहन पार्किंग स्टैंड का संचालन 03 वर्षों के लिए। ई नीलामी कैटेलॉग संख्या : COM-PARK-26-01, ई नीलामी लॉट संख्या : PARKING-DDU-RBU-FW-47-26-1, ई नीलामी की तिथि एवं समय : ई नीलामी दिनांक 19.11.2026 को 12:00 बजे शुरू होगी और 12:30 बजे बंद होगी।
AB1 - कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधि : नवीनगर रेलवे स्टेशन के सरकुलेटिंग एरिया में स्थित निःशुल्क वाहन पार्किंग स्टैंड का संचालन 03 वर्षों के लिए। ई नीलामी कैटेलॉग संख्या : COM-PARK-26-01, ई नीलामी लॉट संख्या : PARKING-DDU-NRG-MX-63-26-1, ई नीलामी की तिथि एवं समय : ई नीलामी दिनांक 19.11.2026 को 12:00 बजे शुरू होगी और 12:30 बजे बंद होगी।
AC1 - कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधि : डेहरी ऑन सोन रेलवे स्टेशन के सरकुलेटिंग एरिया में स्थित तीन पहिया वाहन पार्किंग स्टैंड का संचालन 03 वर्षों के लिए। ई नीलामी कैटेलॉग संख्या : COM-PARK-26-01, ई नीलामी लॉट संख्या : PARKING-DDU-DOS-RW-8-26-1, ई नीलामी की तिथि एवं समय : ई नीलामी दिनांक 19.11.2026 को 12:00 बजे शुरू होगी और 12:30 बजे बंद होगी।
ई नीलामी का पूरा ब्यौरा एवं ई नीलामी का संपूर्ण नियमन उपबंध इस :
www.ireps.gov.in (E-Auction Leasing)
मंजूर रेल प्रबंधक (वाणिज्य),
पूर्व मध्य रेल, डी.डी.यू.
विज्ञा/1203/ऑक्शन/बी/डेहरून/26 27/56

PATEL COLLEGE OF COMPUTER AND MANAGEMENT EDUCATION
RUN AND MANAGED BY: SWAMI VIVEKANAND EDUCATIONAL TRUST
SUKULCHAK, KARGUNA, JEHANABAD 804417
Purpose Course
MBA (Finance, Marketing, Hospital, Human Resource) Management
रोड उपलब्ध है

Post	Department	Qualification
Principal	Administration	Ph.D with 10 Year Experience
Assistant Professor/ Professor	MBA (Finance, Marketing, Hospital, Human Resource) Management	Ph.D / Master Degree in Relevant Field/ Subject
HOD	MBA (Finance, Marketing, Hospital, Human Resource) Management	Ph.D/ Master Degree in Relevant Field With 5 Year Experience
Librarian	Library	B.Lib.Sc / M.Lib.Sc
Lab Instructor/		DCA / DCA
Accountant	Administration	M.Com / B.Com
Office Assistant	Administration	Graduate with Computer Knowledge
Other Post (Receptionist, Admission- Cum Counselor, Driver, Gardener, Peon)	Administration	Minimum Qualification 10th/12th/Graduate and Experience in Relevant fields

एक व्यक्ति केवल एक ही पद के लिए आवेदन (Apply) कर सकते हैं। अपने Resume और self-Attested photo-copy Certificate को 15 दिन में patelcollegejehanabad@gmail.com पर भेज करें। अपूर्ण को प्राथमिकता दी जाएगी
Secretary/Chairman - Divya Prakash
Contact- 9304687150, 9334074905

पूर्व मध्य रेल
खुली ई-निविदा प्रकाशन सूचना
खुली ई-निविदा सूचना सं. : M-LS-SPJ-Ten-Mod-CabRed-2
मंडल रेल प्रबंधक/लोको शेड/सासाराम निम्नहस्ताक्षरी भारत के राष्ट्रपति की ओर से खुली ई-निविदा आमंत्रित करते हैं। क) कार्य का नाम एवं स्थान : 'Modification of CAB redundancy of 3-phase locomotives as per RDSO modification sheet no. RDSO/2014/EL/MI/435, Rev.0' Dated 06.06.2014 for 01 year.' ख) अनुमानित लागत : रू. 9,73,600/ (रू. नौ लाख तिहत्तर हजार छह सौ मात्र (सभी लागू करों सहित)। ग) अग्रधन जो जमा करना है : गोससो-2022 के अनुसार, टी.डी.सी. शून्य है और जमानत निविदा के लिए खोली सूचना (टेण्डर्स) की लागत Rs. 19,240/ (उन्नीस हजार दो सौ चालीस रु. मात्र) होगी। ई-निविदा से संबंध में खोली सूचना (टेण्डर्स) का भुगतान पेमेन्ट गेट वेमेन्ट का www.ireps.gov.in पर ऑनलाइन मोड से सफलता पूर्वक किया जाना चाहिए। घ) निविदा जमा करने की तिथि एवं समय एवं निविदा खुलने की तिथि एवं समय : 30.11.2026 अपराह्न 12:00 बजे तक। 30.11.2026 अपराह्न 12:30 बजे। ङ) वेबसाइट का विवरण जहां ई-निविदा का पूर्ण विवरण देखा जा सकता है : www.ireps.gov.in, तकनीक जानकारी के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in का अवलोकन करें।
मंडवाँहें, लोको शेड/पूर्व मध्य रेल, सासाराम
पीआर/1289/लोको शेड एसपीएन/सं./टी/26-27/40

आभूषण दुकान से चोरी करने वाली दो महिला गिरफ्तार

डिहरी ऑन सोन (आससे)। चेनारी से आभूषण दुकान में ग्राहक बनकर चोरी की घटना को अंजाम देने वाली दो महिलाओं को रोहतास पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से चोरी के सामान भी बरामद किए हैं।

बरामद आभूषणों में तीन जोड़ा कान का झुमका और एक जोड़ा चांदी का पायल शामिल है। रोहतास पुलिस की ओर से सात नवंबर को जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, दो महिलाएं चेनारी थाना क्षेत्र की एक आभूषण दुकान में ग्राहक बनकर पहुंची थीं। दोनों ने सोने के आभूषण देखने के बहाने दुकानदार को बातचीत में उलझा लिया और करीब नौ ग्राम सोने के आभूषण चोरी कर फरार हो गईं।